**विभाग का संक्षिप्त परिचय और अवलोकन**

नई दिल्ली स्थित कलावती सरन बाल चिकित्सालय का भौतिक चिकित्सा **एवं पुनर्स्थापना** विभाग (पी. एम. आर.), बच्चों और वयस्क मरीजों को व्यापक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान करता है । चिकित्सा परामर्श के लिए विभिन्न विभागों से निर्दिष्ट मामलों सहित सभी रोगियों को सीधे बाह्य रोग विभाग (ओ.पी.डी.) में देखा जाता है ।

यहाँ व्यस्क रोगियों को मांसपेशी एवं अस्थि (मस्कुलोस्केलेटल) तथा तंत्रिका (न्यूरोलॉजि) से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के रोग जैसे :- गठिया (आर्थराइटिस), तीव्र एवं पुरानी दर्द, लकवा पुनर्स्थापना / ट्रामा रिहैबिलिटेशन (फ्रैक्चर, नस इंजरी, सॉफ्ट टिश्यू इंजरी, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी) एवं अन्य मांसपेशी एवं अस्थि (मस्कुलोस्केलेटल) से जुड़ी समस्याओं इत्यादी के लिए पुनर्स्थापना से सम्बन्धित सेवाएँ प्रदान कि जाती हैं। यहाँ तंत्रिका जनित रोग / नयूरोपैथी , लकवा, पर्किन्सिनिस्म एवं मोटर न्यूरॉन जैसी बिमारीयों के लिए भी पुनर्स्थापन सेवाएँ प्रदान की जाती हैं ।

पी. एम. आर. विभाग में आए अधिकांश मामले विकास से सम्बंधित विकार के होते हैं । हालाँकि यहाँ विभिन्न प्रकार के बाल विकारों जैसे - तंत्रिका एवं मांसपेशी तथा अस्थि से ज़ुडे रोगों यथा; मस्तिष्क पक्षाघात (सेरेबरल पाल्सी), मानसिक मंदता (मेंटल रिटार्डेशन), औटिस्म, मेनेंजाइटिस, एंसेफेलाइटिस, नयूरोपैथी , रिकेट्स, मस्कुलर डिसट्राफी, सी. टी. इ. वी., जन्मजात विकार तथा भाषा एवं वाक् से जुड़े विभिन्न समस्याओं में पुनर्स्थापन सेवाएँ प्रदान की जाती हैं ।